महत्वपूर्ण एवं खास

आवागमन बाधित करते दो वाहनों पर हुई कार्रवाई

कोरबा। सर्वमंगला चौक में मध्य रात्रि में मालवाहक ट्रेलर खड़ी कर काफी देर तक यातायात बाधित कर रहे दो वाहनों के कारण घंटों आवागमन बाधित होने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। जिसकी जानकारी मिलते ही सर्वमंगला चौकी पुलिस ने उपरोक्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर उनके विरूद्ध धारा 283 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उनके प्रकरण को विचारण के लिए न्यायालय पेश करने जा रही है। जानकारी के अनुसार सर्वमंगला चौक में कल देर शाम ट्रेलर वाहन क्रमांक एनए.01/ एएफ. 5410 का चालक महासिंह कंवर उम्र 40 पिता मनोज राम कंवर निवासी ग्राम पकरिया बरपाली थाना उरगा तथा ट्रेलर क्रमांक सीजी.12एबी. 0128 का चालक शरीफ खान पिता फूल मोहम्मद खान उम्र 26 निवासी इमलीछापर बस्ती थाना कुसमुंडा बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ी कर यातायात को बाधित कर आने-जाने वाले वाहनों के लिए अवरोध पैदा करने के साथ ही वहां से इधर-उधर टाइम पास कर रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी एवं प्रधान आरक्षक प्रकाश रजक हमराह स्टाफ के साथ वहां पहुंचकर उपरोक्त दोनों वाहनों को जब्ती बनाकर अपने कब्जे में लिया। जिसके बाद दोनों वाहनों के चालकों के विरुद्ध मोव्ही एक्ट की धारा 283 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया। इसके अलावा उपरोक्त मामले में प्रकरण तैयार कर चालकों के विरूद्ध उसे विचारण के लिए न्यायालय भेजा जा रहा है।

केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने जैलगांव में दिया धरना

कोरबा। केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों के द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है। आज जैलगांव चौक में जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल व सपना चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ता धरने पर बैठे। इसके पहले गांधी चौक कोरबा में भी कांग्रेसियों ने दो दिन पहले धरना दिया था। रायपुर में आयोजित धरने में भी कोरबा जिले से एक हजार कार्यकर्ता भाग लेने के लिए गए हुए थे। जैलगांव में आयोजित धरने में राजेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेश अग्रवाल, गिरधारी बरेठ, विरेंद्र राठौर सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

मामूली विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़े

रायपुर (आरएनएस)। खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमली तालाब में बिना कारण दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष प्रार्थिया नीरा बाई यादव 43 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी लोकेश जोशी, सोनदास, दिनेश, डागेश्वर जोशी ने प्रार्थिया के लडक़े हिमांशु यादव को झगड़ा शांत कराने आया है कहते हुए गाली-गलौज कर मारपीट किए। वहीं दूसरे पक्ष से लोकेश्वर जोशी 18 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी हिमांशु यादव, प्रकाश, दीपक, पुसईया यादव ने बिना कारण प्रार्थी के दोस्त सूरज मानिकपुरी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है।

सरेआम शराब पीते चार गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजेन्द्र नगर पुलिस के टीम सरेआम शराब पीते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल रात पुलिस की टीम गस्त के दौरान अमलीडीह में शराब पीते आरोपी सुरेंद्र वानखेड़े 49 वर्ष, जनता सोना 45 वर्ष, अनील मूलचंदानी 54 वर्ष व गेंदलाल साहू 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी 36 सी के तहत कार्रवाई की है।

वनवासी महिलाओं ने ऊंची उड़ान भर बनाई अंतर्राष्ट्रीय पहचान : लघु वनोपज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला ग्रिट अवार्ड

- सिंगापुर में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह हुई पुरस्कृत
- मुख्यमंत्री से सिंगापुर में आयोजित ईएसजी ग्रिट पुरस्कार समारोह में सम्मानित महिलाओं ने की सौजन्य मुलाकात
- आप सभी को आपके काम के बदौलत विदेश घूमने मिला - मुख्यमंत्री

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहाँ विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सिंगापुर में ईएसजी ग्रिट पुरस्कार समारोह में सम्मानित स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल ने राज्य लघु वनोपज संघ सहित वनधन केन्द्रों के समूहों को उनकी इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबन्ध संचालक संजय शुक्ला भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल के पूछे जाने पर माँ धारिणी करिन स्व-सहायता समूह बकावंड वन धन केन्द्र की सदस्य पद्मिनी बघेल ने बताया कि उन्होंने पुरस्कार समारोह में अपने बकावण्ड काजू की पूरी प्रोसेसिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी । उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अब उनके समूह ने अपनी छोटी सी दुनिया से एक बड़ी दुनिया की ओर अपना पहला कदम बढ़ाया है। हरिबोल स्व-सहायता समूह डोंगानाला, वनधन केन्द्र की सदस्य सरोज पटेल ने बताया कि उन्होंने समारोह में उनके समूह के द्वारा वनौषधियों के संग्रहण से उनके प्रसंस्करण और विक्रय तक की पूरी प्रक्रिया बताई। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि सिंगापुर बहुत सुंदर है। वहाँ उन्होंने चिडिय़ाघर, पार्क, समुद्र, हॉलीवुड के साथ ही शहर की हरियाली देखी। मुख्यमंत्री बघेल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी को आपके काम के बदौलत विदेश जाने का मौका मिला। जंगल से निकलकर सिंगापुर की सैर करने का मौका मिला। पहले अधिकारी नेताओं को विदेश घुमाने ले जाते थे अब वे आप लोगों को ले जा रहे हैं, ऐसा पहली बार हुआ है।

गौरतलब है कि सिंगापुर में 22 और 23 जुलाई को आयोजित ईएसजी ग्रिट पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह पुरस्कृत हुए। प्रदेश को लघु वनोपज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ को संधारणीय विकास, गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के उपरांत संभवत: यह पहला अवसर है, जब महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के लिए विदेश यात्रा पर रहे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के वन धन विकास केन्द्रों में लघु वनोपज के प्रसंस्करण कार्य में लगी महिला सदस्यों के समर्पित कार्य प्रणाली का परिणाम है कि इस अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए उनकी पहचान हुई। समारोह में माँ धारिणी करिन स्व-सहायता समूह बकावंड वन धन केन्द्र की सदस्य सुश्री पद्मिनी बघेल तथा सुश्री बेलाबाई कश्यप तथा हरिबोल स्व-सहायता समूह डोंगानाला, वनधन केन्द्र की सदस्य सुश्री सरोज पटेल तथा सुश्री फूलबाई नेती सम्मानित हुई।

खुशी से भरपूर छत्तीसगढ़ के इन वनवासी प्रतिनिधियों ने 150 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों के समक्ष यह पुरस्कार ग्रहण करते हुए, छत्तीसगढ़ मॉडल तथा सतत् विकास की कहानी कही। इन्होंने इस समारोह में पूरी दुनिया के व्यवसायी, बैंकर्स, इनवेस्टर्स, पर्यावरणविद तथा शासकीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'छत्तीसगढ़-हर्बल्स' की पूरी दुनिया में पहचान सुनिश्चित किया। इससे लघु वनोपज आधारित उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। 'छत्तीसगढ़ मॉडल' को पूरे विश्व में सतत् विकास के मॉडल के रूप में पहचान मिलेगी।

रोजगार व बसाहट की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बंद कराया साइलो का निर्माण कार्य

कोरबा। रोजगार एवं बसाहट दिए जाने की मांग को लेकर मनगांव के ग्रामीणों ने आज सामंता कंपनी द्वारा बनाए जा रहे साइलो निर्माण का कार्य बंद करवा दिया। कंपनी द्वारा यहां साइलो निर्माण कराया जा रहा है। एसईसीएल गेवरा प्रबंधन द्वारा उन्हें यह कार्य ठेका पर दिया गया है।

मनगांव के ग्रामीण साइलो निर्माण का विरोध कर रहे हैं। उनकी मांग है कि मनगांव में साइलो बनाने से पहले स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी दिया जाए साथ ही उनके बसाहट की भी उचित व्यवस्था की जाए। जिस स्थान पर साइलो बन रहा है वहां न सिर्फ उनकी आसपास की जमीन जा रही है बल्कि बचे हुए हिस्सों पर साइलो के द्वारा होने वाले प्रदूषण से भी वे जी नहीं पाएंगे। क्षेत्रीय पार्षद एवं कांग्रेस नेता द्वारा भी लगातार गेवरा प्रबंधन से स्थानीय ग्रामीणों की समस्या को लेकर अवगत कराया गया। बावजूद इसके प्रबंधन के अधिकारी आंख मूंदकर अपना काम करवा रहे हैं। कुछ माह पूर्व साइलो निर्माण की नींव रखे जाने का भी उनके द्वारा जब विरोध किया गया था तो त्रिपक्षीय वार्ता में प्रबंधन के अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग को पूरा किये जाने का आश्वासन दिया था परंतु आज दिनांक तक इसे पूरा नहीं किया गया। जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं।

आज सुबह मनगांव के ग्रामीण लामबंद हुए और निर्माणाधीन साइलो स्थल पर पहुंचकर सामंता कंपनी द्वारा वहां कराए जा रहे काम को बंद करवा दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कंपनी के अधिकारी वहां से भाग निकले। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक काम को शुरू नहीं करने दिया जाएगा। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ग्रामीण निर्माणाधीन साइलो स्थल पर डटे हुए हैं और प्रबंधन व सामंता कंपनी के खिलाफ नारे लगाते हुए अपना प्रदर्शन जारी रखे हैं। ग्रामीणों का आंदोलन जारी है लेकिन एसईसीएल अथवा सामंता कंपनी के अधिकारी अभी तक वहां चर्चा करने नहीं पहुंचे हैं।

मनीष शर्मा बनें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष

कोरबा। राज्य सरकार ने आदेश जारी करते हुए बालकल्याण के अध्यक्ष व सदस्यों को नियुक्ति आदेश जारी किया। जारी आदेश के मुताबिक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनीष शर्मा को बाल कल्याण समिति का अध्यक्ष बनाया है । बता दें कि राज्य सरकार ने राज्य स्तरीय चयन समिति की अनुसंशा पर किशोर न्याय बोर्ड /बाल कल्याण के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति आदेश जारी किया है। जारी आदेश में 11 जिले के सदस्यों के साथ 6 जिले के अध्यक्षों की नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की है । जिसमें कोरबा जिला के अध्यक्ष पद के लिए रानी रोड कोरबा निवासी मनीष शर्मा को बाल कल्याण समिति का अध्यक्ष बनाया है ।

महतारी संस्कृति संवर्धन सेवा समिति मनाएगी 28 जुलाई को हरेली महोत्सव

कोरबा। छत्तीसगढ़ का लोकपर्व हरेली 28 जुलाई को है। इस दिन महतारी संस्कृति संवर्धन सेवा समिति हरेली महोत्सव मनाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता समिति के प्रदेशाध्यक्ष मोहन सिंह प्रधान करेंगे।

यह जानकारी तिलक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में महतारी संस्कृति संवर्धन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने दी। समिति के प्रदेशाध्यक्ष मोहन सिंह प्रधान ने बताया कि हरेली महोत्सव के विशिष्ट अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद, निगम के सभापति श्यामसुंदर सोनी, पार्षद संतोष राठौर समेत अन्य होंगे। दर्री स्थित महतारी मंदिर में मनाए जाने वाले इस हरेली महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर इस लोक पर्व के परंपरानुसार कृषि औजारों की पूजा की जाएगी। विभिन्न पारंपरिक खेल स्पर्धा गेड़ी दौड़, नारियल फेंक, फुगड़ी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। पत्रकार वार्ता में समिति के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिगम्बर लाल कर्ष, प्रदेश महासचिव हृश्वयारेलाल चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

जंगल में जुआ खेलते पांच पकड़ाए, 31 हजार जब्त

कोरबा। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा जिले में जुआ, सट्टा, कबाड़ एवं अन्य अवैध कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं ,उपरोक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन ,पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में लगातार कार्रवाई की जा रही है। 24 जुलाई 2022 को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिला कि ग्राम सरायपाली के जंगल में कुछ जुआरी ताश पत्ती से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं , सूचना पर विशेष टीम एवं थाना पाली के स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से जंगल में दबिश देकर जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से नगदी रकम 31300 रुपए एवं 07 मोटरसाइकिल जप्त किया गया है आरोपीगण के विरुद्ध धारा 13 जुआ एट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पकड़े गए जुआरियों के नाम इस प्रकार हैं मनोज श्रीवास्तव पिता के बी श्रीवास्तव निवासी ग्राम केराझारिया थाना पाली, राजेंद्र कंवर पिता समार सिंह कंवर ग्राम सैला थाना पाली,. बुधराम पटेल पिता जनकराम निवासी ग्राम पाली थाना पाली,. महेंद्र कुमार नेताम पिता हर प्रसाद निवासी अटल चौक पाली, राजकुमार नेताम पिता दुखीराम निवासी निवासी ग्राम पाली थाना पाली।

बंद ट्रेनों को गेवरारोड से फिर चलाए जाने की मांग को लेकर माकपा ने किया आंदोलन शुरू

कोरबा। गेवरा रेल्वे स्टेशन से बंद ट्रेनों को चालू करने की मांग को लेकर माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आज कोरबा-कुसमुंडा रेलखंड पर सर्वमंगला पुल के निकट पटरी पर बैठकर प्रदर्शन किया गया। माकपा द्वारा किये गए प्रदर्शन के चलते इस खंड पर मालेगाडिय़ों का आना-जाना नहीं हो सका।

आंदोलन को छत्तीसगढ़ किसान सभा, कुसमुंडा व्यापारी संघ, ऑटो संघ, श्रमिक संगठन सीटू के अलावा भूविस्थापित संघ का भी समर्थन मिला। इससे जुड़े लोग तथा माकपा के कार्यकर्ता आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इकक्ठे हुए और अपनी मांगों को लेकर सर्वमंगला पुल के निकट अपना प्रदर्शन शुरू कर दिया। माकपा का कहना है कि आम जनता से गेवरा रोड से चालू ट्रेन को भी छीन लिया गया है। जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती तब तक आंदोलन जार रहेगा। इस आंदोलन को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने खुद मॉनिटरिंग कमान संभाल रखी है। उन्होंने एएसपी अभिषेक वर्मा को विशेष रूप से क्षेत्र के अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों से निरंतर संपर्क बनाए रखकर हर स्थिति पर पल-पल बारीख नजर रखने का भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। बताया जाता है कि इसी कड़ी में एसपी सिंह एवं एएसपी वर्मा के निर्देशन में कुसमुंडा टीआई नवीन देवांगन, दीपका टीआई अनिल पटेल, हरदीबाजार चौकी प्रभारी मयंक मिश्रा, कटघोरा के प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मण खूंटे, सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी एक ओर जहां अपने मातहतों के साथ शांति व्यवस्था में जुटे हुए हैं वहीं पुलिस लाइन से भी भेजा गया अतिरिक्त बल भी पेट्रोलिंग में पूरे दिन भर डटा रहा।

हड़ताल से विवादित जमीन मामले में फंसा पेंच

कोरबा। बालकोनगर थाने के रजगामार चौकी क्षेत्रांतर्गत पतरापाली में एक एकड़ 70 डिसमिल एवं 70 डिसमिल जमीन को लेकर दो पक्षकारों में आये दिन हो रहे विवाद के मामले में एजे के पुलिस ने मामले के निपटान के लिए तहसीलदार के पाले में डाल दिया है। लेकिन तहसीलदार समेत कर्मियों के हड़ताल में जान के कारण इसमें पुन: पेंच फंसता नजर आ रहा है। जबकि वहां उभय पक्षों में कभी भी भयावह संघर्ष की स्थिति निर्मित हो सकती है।

जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी के पतरापाली में बुधवार सिंह, भूखन सिंह राठिया समेत एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों का 1 एकड़ 70 डिसमिल जमीन पर वर्षों से खेती किसानी के माध्यम से कब्जा चला आ रहा है। इसी तरह वहीं 70 डिसमिल जमीन राजश्री मार्को की है। जिसके पति दादर निवासी मोहित सिंह के साथ उक्त जमीन के सीमांकन पर कब्जे को लेकर लगातार विवाद चलते आ रहा है। अभी कुछ दिन पहले रजगामार चौकी पुलिस ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों को समझा.बुझाकर काफी बड़ी अप्रिय स्थिति को उबारने का काम किया था। इसके साथ ही मामले को वहां से राजश्री मार्को के द्वारा एजेके थाने में भी अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी जांच एजेके थाना के डीएसपी प्रदीप ऐरेवार के दिशा निर्देशन में एजेके थाने के टीआई रामलाल मरावी द्वारा की जा रही थी। बताया जाता है कि एजेके टीआई मरावी ने मामला जमीन सीमांकन एवं भूखंड का नामांतरण से संबंधित होने के कारण यह विवाद का निपटारा राजस्व विभाग ही कर सकता है। इसलिए उन्होंने मौके पर पहुंचकर पूरी वस्तुस्थिति समझने के बाद अपनी रिपोर्ट एजेके डीएसपी को सौंप दी। जिसमें उन्होंने इस मामले में सीमांकन कराए जाने एवं आवश्यक जांच उपरांत उचित एवं सर्वमान्य आदेश जारी किये जाने का काम तहसीलदार के अधिकार अंतर्गत होने का उल्लेख किया है।

जानकारी मिली है कि तहसीलदार एवं संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारियों.कर्मियों के हड़ताल के कारण एजेके पुलिस भी इस मामले की गेंद उनके पाले में डाल दी है जिससे कि इस समस्या का अतिशीघ्र समाधान किया जा सके। इसी वजह से इस विवादित जमीन के विवाद का लोचा फिर भी बना हुआ है। अब यह पेंच तहसीलदार के सुलझाए जाने पर ही निर्भर करता है। जब तक तहसीलदार एवं उनके राजस्व विभाग के मातहत अधिकारी-कर्मचारी इस मामले को सीमांकन एवं नामांतरण तथा वास्तविक कब्जेधारी की स्थिति का सूक्ष्म जांच एवं अवलोकन कर निर्णय नहीं लेते तब तक यह पेंच दर पेंच मामला फंसता ही रहेगा।

सुविधा युक्त आवागमन कराने सडक़ पर उतरे डीएसपी

कोरबा। एसपी संतोष सिंह के मार्गदर्शन एवं एएसपी अभिषेक वर्मा की सुपरविजन में शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था किसी भी हालत में चरमराये न इसलिए सडक़ पर यातायात डीएसपी शिवचरण सिंह परिहार अपने मातहतों के साथ उतरकर एकओर जहां वाहन चालकों को चेतावनी दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आम लोगों को भी आवागन के संबंध में आवश्यक समझाइश भी दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार एसपी सिंह ने कोरबा जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद यह महसूस किया कि औद्योगिक एवं कोल क्षेत्र होने के कारण कोरबा जिले में आवागमन की समस्या एक प्रमुख समस्या है। क्योंकि ज्यादातर सडक़ दुर्घटना संबंधी वारदातें या आये दिन घटित होती रहती है। ऐसे में सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने एवं असमय दुर्घटना रूपी काल के कूरर गाल में समाने से लोगों के बचाव का एक ही रास्ता है यातायात नियमों का लोगों में समझाइश देकर उन्हें जागरूक करना तथा यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करना। जिससे की इस तरह की घटनाएं घटित न हो और कोरबा जिले में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से सुव्यस्थित बनी रहे। बताया जाता

है कि एसपी के निर्देशन में एवं एएसपी वर्मा के सुपरविजन में यातायात डीएसपी परिहार अपने मातहतों के बाद रोजाना सडक़ पर उतरकर खुद ही मोर्चा संभालकर आने जाने वाले बड़े वाहनों के चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलानेए तेज गति से वाहन नहीं चलाने तथा दुर्घटना से लोगों को बचाने के लिए सुरक्षित वाहन चलाने के लिए निर्देशित करने के साथ ही नियमों को तोडऩे पर कड़ी कार्रवाई किये जाने की चेतावनी भी दे रहे हैं। डीएसपी परिहार के साथ इस अभियान में एएसआई मनोज राठौर, एसआई राजेन्द्र पांडेय, एएसआई कृष्णा राठौर समेत प्रधान आरक्षकों की टीम भी शहरी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था चाक चौबंध कराने के काम में पूरी तनमयता से जुटी हुई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU